बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

दिनांक 26.10.2022 को आयोजित व्याख्याता लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा के Mechanical Engineering विषय (वि.सं. 42/2020) के औपबंधिक उत्तर दिनांक 13.11.2022 को आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित करते हुए उम्मीदवारों से आपत्ति आमंत्रित किये गये थे। उक्त विषय के अन्तर्गत उम्मीदवारों से प्राप्त आपत्ति आवेदनों की समीक्षा के बाद विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा तैयार प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला '**A**', '**B**', '**C**' एवं '**D**' के सभी प्रश्नों के द्वितीय औपबंधिक उत्तर दिनांक 11.01.2023 से आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे।

उक्त विज्ञापन से सम्बन्धित परीक्षा में सम्मिलित (appeared) उम्मीदवारों से द्वितीय औपबंधिक उत्तर पर पुनः आपत्ति आमंत्रित किये जाते हैं। उम्मीदवार प्रामाणिक स्त्रोत/साक्ष्य के साथ अपनी आपत्ति/सुझाव नीचे दिये गये आपत्ति प्रपत्र में विज्ञापन संख्या, नाम, अनुक्रमांक एवं पता के साथ आयोग के **email – bpscpat-bih@nic.in** पर **दिनांक 14.01.2023 तक** भेज सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति एवं सुझाव पर विचार नहीं किया जायगा।

आप सभी से नियत समय तक प्राप्त आपत्ति की पुनः समीक्षा विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा की जायेगी एवं तदनुसार पुनः उक्त समिति द्वारा सभी प्रश्नों का अन्तिम आदर्श उत्तर तैयार किया जायेगा। कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर द्वितीय औपबंधिक उत्तर को ही अन्तिम आदर्श उत्तर माना जाएगा एवं उसके आधार पर ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) का मूल्यांकन किया जायेगा।

आपत्ति प्रपत्र

व्याख्याता लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा, विज्ञापन संख्या ....

अनुक्रमांक .... नाम .... विषय .... प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला ....

क्र. सं.	प्रश्न संख्या	द्वितीय औपबंधिक उत्तर	उम्मीदवार द्वारा ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर कूटबद्ध किया गया (encoded) उत्तर	उम्मीदवार द्वारा सुझाया गया उत्तर	आपत्ति का आधार/स्त्रोत/साक्ष्य

उम्मीदवार का नाम एवं हस्ताक्षर (तिथि सहित)
उम्मीदवार का दूरभाष/मोबाइल सं.–

(हस्ताक्षर) 11/01/23

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना